**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 23.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

निर्वाचन आयोग ने जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय द्वारा कल श्री धनखड़ के इस्तीफे की अधिसूचना के बाद यह प्रक्रिया शुरू हुई। प्रारंभिक गतिविधियाँ पूरी होने के बाद आयोग उपराष्ट्रपति पद के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। घोषणा से पहले शुरू की गई प्रमुख गतिविधियों में निर्वाचक मंडल की तैयारी शामिल है, जिसमें राज्यसभा और लोकसभा के निर्वाचित और मनोनीत सदस्य शामिल हैं।

**********************

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत उत्तर के अनुसार, केंद्र सरकार ने देशभर में आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्रों के आधुनिकीकरण के लिए बीआईएनडी योजना के तहत 2,539 दशमलव 61 करोड़ रुपये की परियोजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत बिहार के लिए भी विशेष राशि आवंटित की गई है। इसके साथ ही, सरकार दक्षिण भारतीय भाषाओं के चैनलों को प्रोत्साहित करने और उनकी पहुंच बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

**********************

न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान ने आज झारखंड उच्च न्यायालय के 17वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची स्थित राजभवन में न्यायमूर्ति चौहान को पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो और विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी के अलावा कई न्यायाधीश और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

**********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज अस्पताल में इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाकात की। उन्होंने डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

**********************

राष्ट्रपति के धनबाद दौरे को लेकर एसएसपी प्रभात कुमार ने एयरपोर्ट से लेकर आईआईटी–आईएसएम कार्यक्रम स्थल तक के रूट का पैदल मार्च कर निरीक्षण किया। उन्होंने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के रूट की भी समीक्षा की और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आईआईटी–आईएसएम परिसर में स्टेज, पंडाल, ग्रीन रूम, प्रवेश व निकास द्वार, बैठने की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। एसएसपी ने कार्यक्रम की सफलता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिए।

**********************

चतरा जिले में 10 अगस्त से 25 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है और इससे बचाव के लिए साल में एक बार दवा लेना जरूरी है। यह अभियान जिलेभर में हाथी पांव रोग को समाप्त करने के उद्देश्य से चलाया जाएगा।

**********************

सिमडेगा जिले में 191 सरकारी विद्यालयों में सिर्फ एक शिक्षक द्वारा पढ़ाई करवाई जा रही है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***********************

मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार आज राज्य के कई जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने रांची, बोकारो, गुमला, लोहरदगा, देवघर समेत कई जिलों में तेज़ हवाओं और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया है। किसानों को जल निकासी की उचित व्यवस्था रखने और सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

*********समाप्त*********